# हम आपके बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए क्या करते हैं

**MCC बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने और उन्हें यह महसूस करवाने के लिए प्रतिबद्ध है कि उनका स्वागत किया जाता है उनकी कदर की जाती है क्योंकि हर कोई MCG में एक यादगार और शानदार अनुभव पाने का हकदार है।**




इसे प्राप्त करने के लिए, MCC निम्नलिखित पर ध्यान केंद्रित करता है:

## सुरक्षित लोग

हमारे यहाँ स्पष्ट चयन और स्क्रीनिंग (जांच) मानदंडों और विज्ञापनों के साथ बाल सुरक्षा भर्ती कार्यविधियाँ हैं जो सभी संभावित कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और कांट्रेक्टरों (ठेकेदारों) के लिए बाल सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। वर्किंग विद चिल्ड्रन चेक (बच्चों के साथ काम करने से सम्बन्धित जांच) हमारी ऑनबोर्डिंग प्रथाओं का हिस्सा है।

MCC की ऐसी सुरक्षा-उपाय नीतियां और कार्यविधियाँ हैं जिनका MCC के सभी कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और कांट्रेक्टरों (ठेकेदारों) को पालन करना होगा। हमारी नीतियां सभी बच्चों, युवाओं और परिवारों के पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं, ताकि वे समझ सकें कि हम सभी को सुरक्षित रखने और उन्हें स्वागतमय महसूस कराने के लिए क्या करते हैं। हमारी MCC बाल सुरक्षा आचार संहिता हमारी उन अपेक्षाओं को निर्धारित करती है कि MCC कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और कांट्रेक्टरों (ठेकेदारों) को बच्चों और युवाओं के साथ और उनकी उपस्थिति में कैसे व्यवहार करना होगा।

MCC के सभी कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को अपने इंडक्शन (शुरूआती प्रशिक्षण) और वार्षिक प्रशिक्षण रिफ्रेशर के भाग के तौर पर चाइल्ड सेफ्टी ट्रेनिंग (बाल सुरक्षा प्रशिक्षण) को पूरा करना होगा। बाल सुरक्षा प्रशिक्षण (चाइल्ड सेफ्टी ट्रेनिंग) हमारे कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को यह समझने में मदद करता है कि बच्चों और युवाओं के साथ उत्पन्न हो सकने वाले किन्हीं मुद्दों या घटनाओं को कैसे पहचानें और उनपर प्रतिक्रिया कैसे दें और घटनाओं की रिपोर्ट कैसे करें। आमने-सामने की और उन भूमिकाओं में अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिन भूमिकाओं में बच्चों और युवाओं के साथ लगातार बातचीत होती रहती है, उदाहरण के लिए, हमारे टूर गाइड्स (मार्गदर्शक) और ऑस्ट्रेलियाई खेल संग्रहालय स्वयंसेवक।



## सुरक्षित स्थान

विक्टोरियन चाइल्ड सेफ स्टैंडर्ड्स (विक्टोरियाई बाल सुरक्षा मानकों) के तहत हमारी अनुपालन आवश्यकताओं के अनुरूप, हम स्टेडियम और बाहरी स्थानों पर किसी बच्चे या युवा व्यक्ति को नुकसान के किन्हीं जोखिमों की पहचान करने और दस्तावेजी रूप देने के लिए एक वार्षिक जोखिम आकलन करते हैं। पहचाने गए जोखिमों को उपयुक्त टीमों द्वारा सुधारा जाएगा और इनकी निगरानी की जाएगी।

हम MCG और इसके बाहरी स्थानों में भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए एक सुरक्षित और स्वागतमय परिवेश को बढ़ावा देते हैं। हितधारक (स्टेकहोल्डर) की सहभागिता और हमारी सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से, हम सक्रिय रूप से ऐसे परिवेश बनाने की कोशिश करते हैं जो न केवल शारीरिक रूप से सुरक्षित हों बल्कि MCG में आने वाले सभी बच्चों और युवाओं के लिए सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित भी हों।

## सुरक्षित आचरण

MCC में किसी भी प्रकार के बाल शोषण, नुकसान पहुँचाने या असुरक्षित व्यवहार को बिल्कुल सहन नहीं किया जाता है और MCC की बाल सुरक्षा नीतियां और कार्यविधियाँ बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित परिवेश बनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करती हैं। MCC कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और कांट्रेक्टरों (ठेकेदारों) को हमारी सभी नीतियों और कार्यविधियों की सूचना दी जाती है और इन्हें बच्चों, युवाओं और उनके परिवारों और हमारे स्थलों पर आने वाले ग्राहकों और आगंतुकों (विज़िटरों) को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है।

हम अपनी बात रखने में बच्चों और युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हैं और हम स्कूल टूर और ऑस्ट्रेलियाई खेल संग्रहालय की यात्राओं पर फ़ीडबैक (प्रतिक्रिया) प्राप्त करने के माध्यम से एक सुरक्षित, समावेशी और सहायक परिवेश विकसित करने में उनके साथ बातचीत करते हैं। हम बाल सुरक्षा के संबंध में और इस संबंध में बाल और युवा अनुकूल संसाधन भी प्रदान करते हैं कि बच्चे और युवा शिकायत कैसे कर सकते हैं या चिंता कैसे व्यक्त कर सकते हैं। हमारी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए फ़ीडबैक (प्रतिक्रिया) महत्वपूर्ण है और हम हमेशा आने वाले बच्चों और युवाओं के सुझावों का स्वागत करते हैं।

MCG पर स्पष्ट साइनेज (संकेत-चिन्ह) बच्चों, युवाओं और परिवारों को सचेत करता है कि समारोहों वाले और गैर-समारोहों वाले दिनों के दौरान चिंता कैसे व्यक्त करनी है और घटनाओं की सूचना कैसे देनी है। हम सक्रिय रूप से सभी को प्रोत्साहित करते हैं कि यदि वे असुरक्षित महसूस करते हैं तो हमें बताएं और हम किसी भी शिकायत, आरोप या ख़ुलासे का जवाब निष्पक्ष, संवेदनशील और बाल-केंद्रित तरीके से देंगे।

MCG POWERED BY MCC

**सुरक्षा-उपायों से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिए childsafety@mcc.org.au पर ई-मेल करें**

**किड्स हेल्पलाइन से www.kidshelpline.com.au या नि:शुल्क फोन 1800 55 1800 पर संपर्क करें**

**यदि आपको तत्काल खतरा है, तो पुलिस से 000 पर संपर्क करें**